प्रतिवेदन

कब बुलबुल उत्सव एवं विश्व चिंतन दिवस मनाये जाने के सम्बंध में

आज दिनांक 22/02/2020 को केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक २ आ.व.नि .शाहजहाँपुर प्रथम एवं द्वितीय पाली में कब बुलबुल उत्सव एवं विश्व चिंतन दिवस का आयोजन विद्यालय की स्काउट गाइड इकाई की ओर से पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत सर्वधर्म प्रार्थना से की गयी जिसमें प्राचार्य श्री योगेन्द्र कुमार शाक्य, उप प्राचार्य (प्रथम एवं द्वितीय पाली) एवं स्काउट गाइड इकाई के द्वारा की गयी। प्रार्थना सभा के पश्चात् स्काउट एवं गाइड पंकज और गौसिया द्वारा
लार्ड बेडेन पावेल के जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उप प्राचार्य श्री अशद अली खान द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वचन दिया गया । कब बुलबुल एवं स्काउट गाइड द्वारा कला एवं पेंटिंग , समूह गान , समूह नृत्य , नाट्य मंचन, कहानी लेखन एवं प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी ।

विद्यार्थियो को अल्पाहार कराया गया विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर विद्यालय में गाइड कैप्टन खुशबू रानी एवं स्काउट मास्टर श्री विवेक सक्सेना के निर्देशन में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए |कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय, स्काउट गाइड कैप्टेन व विद्यार्थियों के साथ पौधे लगाये गए | अंत में स्काउट मास्टर श्री राजनारायण द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया|

1. विवेक सक्सेना - विवेक
2. खुशबू रानी - खुशबू

प्रभारी

22.2.2020

प्राचार्य

प्राचार्य
PRINCIPAL
केन्द्रीय विद्यालय ओ०सी०एफ०
KENDRIYA VIDYALAYA O.C.F
शाहजहाँपुर
Shahjahanpur